Hindi Miscellaneous Quiz

Q1. निम्नलिखित में मिश्र वाक्य है-

(a) मेरे आते ही वर्षा होने लगी।

(b) उसके जाने के बाद वर्षा होने लगी।

(c) वह घर से निकला और वर्षा होने लगी।

(d) ज्यों ही वह घर से निकला, वर्षा होने लगी।

Q2. पिता ने समझाया कि सदा सत्य बोलना चाहिए ।“ यह वाक्य उदाहरण है

(a) सरल वाक्य

(b) इच्छावाचक वाक्य

(c) मिश्र वाक्य

(d) आज्ञावाचक वाक्य

Q3. ‘अत्याचार’ शब्द में उपसर्ग है-

(a) आ

(b) अत्

(c) अति

(d) अत्या

Q4. ‘जो कवि लोकप्रिय होता है, उसका सम्मान सभी करते हैं’
इस वाक्य का सरल वाक्य होगा-

(a) जो कवि होते हैं, वे लोप्रिय होते हैं।

(b) लोकप्रिय कवि का सम्मान सभी करते हैं।

(c) कवि लोकप्रिय होते हैं और सम्मानित होते हैं।

(d) कवि लोकप्रिय होते हैं इसलिए सम्मानित होते हैं।

Q5. विकल्प में दिए हुए शब्दों में से किस शब्द का तद्भवीकरण नहीं हुआ है-

(a) अफसर

(b) लालटेन

(c) कप्तान

(d) हॉस्पिटल

TEST SERIES
Bilingual
HTET
LEVEL I 2020
5 Full-Length Mocks

Q6. 'भगवान तुम्हें लम्बी उम्र दें।' किस प्रकार का वाक्य है?

(a) प्रश्नार्थक वाक्य

(b) इच्छार्थक वाक्य

(c) संकेतार्थक वाक्य

(d) विस्मयादिबोधक वाक्य

Q7. हिन्दी वाक्य में साधारणतः संरचना क्रम की प्रवृत्ति मिलती हैं।

(a) कत्र्ता-क्रिया-कर्म

(b) कत्र्ता-कर्म-क्रिया

(c) कर्म-कत्र्ता-क्रिया

(d) क्रिया-कर्म-कत्र्ता

Q8. निम्नलिखित विकल्पों में से किस विकल्प में सभी शब्द व्यक्तिवाचक संज्ञाएँ हैं ?

(a) राम, रामचरितमानस, गंगा

(b) कृष्ण, कामायनी, मिठास

(c) लखनऊ, आम, बुढ़ापा

(d) ममता, वकील, पुस्तक

Q9. 'वह अगले साल आएगा'- इस वाक्य में कौन-सा कारक है?

(a) अपादान कारक

(b) सम्बन्ध कारक

(c) अधिकरण कारक

(d) कर्म कारक

Q10. सुमेलित कीजिए:

सूची- I	**सुची-II**
स्त्रीलिंग शब्द	प्रत्यय
(A) स्वामिनी	(I) अनी
(B) लेखिका	(II) इनी
(C) धैर्यवती	(III) वती
(D) मोरनी	(IV) इका

कूट:

	A	**B**	**C**	**D**
(a)	1	2	3	4
(b)	2	4	3	1
(c)	4	3	2	1
(d)	1	3	4	2

निर्देश (11-14): निम्नलिखित पद्यांश के आधार पर प्रश्नों के सही विकल्प चुनिये—

ओह, समय पर उसमें कितनी फलियाँ फूटी!
कितनी सारी फलियाँ, कितनी प्यारी फलियाँ,
यह, धरती कितनी देती है! धरती माता कितना देती है अपने देती है!
धरती माता कितना देती है अपने प्यारे पुत्रों को!
बचपन में छिः स्वार्थ लोभ वश पैसे बोकर!
रत्न प्रसविनी है वसुधा, अब समझ सका हूँ।
इसमें सच्ची समता के दाने बोने हैं,
इसमें जन की क्षमता के दाने बोने हैं,
जिससे उगल सके फिर धूल सुनहली फसलें
मानवता की-जीवन श्रम से हँसे दिशाएँ।
हम जैसे बोएँगे वैसा ही पाएँगे।

Q11. कवि किसका महत्व नहीं समझ पाया था ?
(a) माँ का
(b) धरती माँ का
(c) परिश्रम का
(d) आत्मविश्वास का

Q12. कवि ने बचपन में किस भाव से पैसे बोए थे ?
(a) निःस्वार्थ भाव से
(b) सोच विचार से
(c) स्वर्थ एवं लोभ से
(d) मोह से

Q13. मानवता की सुनहली फसलें कब उगेंगी ?
(a) जब हम परिश्रम करेंगे
(b) जब समता और क्षमता के बीच बोए जाएँगे।
(c) जब चारों ओर शान्ति होगी
(d) जब धूल सोना उगलेगी

Q14. 'धरती कितना देती है' का आशय है-
(a) बहुत कम देती है
(b) कितना देती है
(c) बहुत अधिक देती है
(d) कुछ देती ही कहाँ है



निर्देश (15-20): निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनिये—

Q15. 'संघ की राजभाषा हिन्दी और लिपि देवनागरी होगी' यह संविधान के किस अनुच्छेद में वर्णित है ?
(a) अनुच्छेद 343
(b) अनुच्छेद 344
(c) अनुच्छेद 345
(d) अनुच्छेद 346

Q16. सम सुबरन सुखमाकर, सुखद न थोर। सीय अंग सखि कोमल, कनक कठोर।। इस छन्द में प्रयुक्त अलंकार है-
(a) निदर्शना
(b) व्यतिरेक
(c) समासोक्ति
(d) अर्थान्तरन्यास

Q17. 'नीर भरे नित प्रति रहैं तऊ न प्यास बुझाई' पंक्ति में कौन-सा अलंकार है ?
(a) अतिशयोक्ति
(b) विशेषोक्ति
(c) विभावना
(d) उपमा

Q18. जहाँ किसी वस्तु का लोक-सीमा से इतना बढ़ कर वर्णन किया जाय कि वह असम्भव की सीमा तक पहुँच जाय, वहाँ अलंकार होता है-
(a) अतिशयोक्ति
(b) विरोधाभास
(c) अत्युक्ति
(d) उत्प्रेक्षा

Q19. 'उतरि नहाये जमुन जल जो सरीर सम स्याय'-पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?
(a) उपमा
(b) प्रतीत
(c) विशेषोक्ति
(d) विभावना

Q20. माँ के शुचि उपकारों का, जीवन में अन्त नहीं है। निस्वार्थ साधना पथ पर, माँ जैसा सन्त नहीं है।।
उपर्युक्त काव्य पंक्तियों में मुख्य रूप से कौन-सा अलंकार लक्षित हो रहा है ?
(a) विभावना
(b) विशेषोक्ति
(c) प्रतीत
(d) अनन्वय

TEACHERS adda247

निर्देश (21-26): निम्नलिखित पद्यांश के आधार पर प्रश्नों के सही विकल्प चुनिये—

तुम भारत, हम भारतीय हैं, तुम माता, हम बेटे किसकी हिम्मत है कि तुम्हें दुष्टता-दृष्टि से देखें ?
ओ माता, तुम एक अरब से अधिक भुजाओं वाली सबकी रक्षा में तुम सक्षम, हो अदम्य बलशाली।।
भाषा, वेश, प्रदेश भिन्न हैं, फिर भी भाई-भाई भारत का साझी संस्कृति में पलते भारतवासी।
सुदिनों में हम एकसाथ हँसते, गाते, सोते हैं दुर्दिन में भी साथ-साथ जागते पौरूष ढोतें हैं।।
तुम हो शस्यष्यामला, खेतों में तुम लहराती हो प्रकृति प्राणमयि, सामगानमयि, तुम न किसे भाती हों।
तुम न अगर होती तो धरती वसुधा क्यों कहलाती ? गंगा कहाँ बहा करती, गीता क्यों गाई जाती ?

Q21. इस कविता में किसे माता कहा गया है ?
(a) अपनी माँ को
(b) भारत को
(c) गऊ माता को
(d) धरती को

Q22. भारत माँ की एक अरब से अधिक भुजाएँ क्यों बताई गई हैं ?
(a) अत्यधिक जनसंख्या बताने हेतु
(b) एक अरब से अधिक नर बताने हेतु
(c) भारत के सपूतों की जनसंख्या बताने हेतु
(d) एक अरब से अधिक सैनिक बताने हेतु

Q23. 'सक्षम' का पर्यायवाची छाँटिए
(a) अक्षम
(b) समर्थ
(c) योग्य
(d) असमर्थ

Q24. 'अदम्य' का तात्पर्य है
(a) दब्बू
(b) अत्यधिक
(c) जिसे दबाया न जा सके
(d) जिसे रोका न जा सके

Q25. 'साझी संस्कृति' का तात्पर्य है
(a) भिन्न-भिन्न धर्मों वाली संस्कृति
(b) भिन्न भाषाओं वाली संस्कृति
(c) भिन्न-भिन्न जातियों वाली संस्कृति
(d) भिन्न परम्पराओं वाली संस्कृति

Q26. भारतवासी, बलशाली तथा दुष्टता, इन तीनों शब्दों में यह समानता है
(a) तीनों में उपसर्ग प्रयुक्त हुआ है
(b) तीनों में प्रत्यय प्रयुक्त हुआ है
(c) एक-दूसरें के विपरीतार्थक हैं
(d) तीनों पर्यायवाची शब्द हैं

निर्देश (27-28):- निम्नांकित प्रत्येक प्रश्न शब्द के पर्याय के लिए चार-चार वैकल्पिक शब्द दिए गए है। यही विकल्प का चयन करें।

Q27. चोर
(a) खनक
(b) दुष्ट
(c) राकापति
(d) पाशविक

Q28. गर्हित
(a) गंभीर
(b) महत्त्वपूर्ण
(c) ज्ञानपूर्ण
(d) निंदित

TEACHERS adda247

Q29. निम्नांकित में से कौन-सा वाक्य संयुक्त वाक्य का उदाहरण है ?
(a) वह आया और मैं गया
(b) वह पटना जा रहा है
(c) यह वही सन्तोष है जिसे पुरस्कृत किया गया था
(d) नीरज दौड़ रहा है

Q30. निम्नांकित चार शब्दों में से कौन अंक शब्द का अर्थ नहीं है ?
(a) गोद
(b) परिच्छेद
(c) चिह्न
(d) प्रयोजन

SOLUTIONS

S1. Ans.(d)
S2. Ans.(c)
S3. Ans.(c)
S4. Ans.(b)
S5. Ans.(d)

S6. Ans.(b)
S7. Ans.(b)
S8. Ans.(a)
S9. Ans.(c)
S10. Ans.(b)
S11. Ans.(b)
S12. Ans.(c)
S13. Ans.(b)
S14. Ans.(c)
S15. Ans.(a)

S16. Ans.(b)
Sol. समासोक्ति अर्थालंकार - जहाँ उपमेय का वर्णन इस प्रकार किया जाय कि उसमें अप्रस्तुत का भी ज्ञान हो, या परन्तु व्यंजना से अप्रस्तुत की अभिव्यक्ति हो तब समासोक्ति अलंकार होता है।
व्यतिरेक अर्थालंकार - जहाँ उपमान की अपेक्षा अधिक गुण होने के कारण उपमेय का उत्कर्ष हो, वहाँ 'व्यतिरेक अलंकार' होता है।
अर्थान्तरन्यास अलंकार- जहाँ सामान्य कथन द्वारा विशेष का एवं विशेष कथन द्वारा सामान्य कथन का समर्थन किया जाए, वहाँ अर्थांतरन्यास अलंकार होता है।
निदर्शना- उपमेय का गुण उपमान में अथवा उपमान का गुण उपमेय में आरोपित होना

S17. Ans.(b)

S18. Ans.(c)
Sol. अत्युक्ति-जिसमें बात को बढ़ाचढ़ाकर कहा जाता है ताकि किसी गुण-दोष विशेष को अधिक प्रभावपूर्ण ढंग से कहा जा सके।

S19. Ans.(b)
S20. Ans.(c)
S21. Ans.(b)
S22. Ans.(c)
S23. Ans.(b)
S24. Ans.(c)
S25. Ans.(d)
S26. Ans.(b)
S27. Ans.(a)
S28. Ans.(d)
S29. Ans.(a)
S30. Ans.(d)